भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1675
10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

**लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र में मछली पकड़ना**

**1675. श्री सुधाकर सिंह:**
**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र में वर्तमान में पंजीकृत मछुआरों की कुल संख्या और उनके पास उपलब्ध पारंपरिक और मशीनीकृत नावों सहित मछली पकड़ने वाली नौकाओं/नावों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान लक्षद्वीप में कुल मछली उत्पादन, वर्ष-वार और प्रजाति-वार कितना है;

(ग) क्या सरकार लक्षद्वीप में मछुआरों की आजीविका बढ़ाने और मछली पकड़ने वाली आधुनिक नौकाओं और बाजार तक पहुंच को मजबूत करने के लिए कोई विशिष्ट योजना लागू कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने संघ राज्यक्षेत्रों के द्वीपों में मत्स्यपालन और ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा दी गई सूचना के अनुसार संघ राज्य क्षेत्र में 3,257 मछुआरे पंजीकृत हैं और पारंपरिक और मेकेनाईज़्ड बोट्स, दोनों को मिलाकर 1,747 फिशिंग वेसल्स उपलब्ध हैं। इनमें शामिल हैं:- (i) 1,538 पारंपरिक OBM बोट्स जो मोटोराईज़्ड नॉन मेकेनिकल हैं (ii) 192 पारंपरिक क्राफ्ट्स जो नॉन मोटोराईज़्ड हैं, और (iii) 17 मोटोराईज़्ड मेकेनिकल बोट्स हैं ।

(ख) लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान लक्षद्वीप में मत्स्य उत्पादन का वर्ष-वार और प्रजाति-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है ।

(ग) और (घ): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 से लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) कार्यान्वित कर रहा है। इसके अलावा, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन आजीविका सहायता, मत्स्य संचालन के आधुनिकीकरण और बाजार में सुधार के उद्देश्य से अपनी स्वयं की योजना संचालित करता है। प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत, 2020-21 और 2025-26 के दौरान, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के लिए 62.43 करोड़ रुपए के परियोजना प्रस्तावों को स्वीकृति दी है, जिसमें केंद्रीय शेयर 44.20 करोड़ रुपए है।

स्वीकृत परियोजनाओं में 5-टन, 10-टन और 20-टन की क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज और आईस प्लांट की स्थापना शामिल है; स्थानीय रीटेल इनफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए फिश कियोस्क का निर्माण और मछली के स्वच्छ परिवहन को बढ़ाने के लिए आईस बॉक्स लगे हुए थ्री वीलर और मोटरसाइकिलों का प्रावधान किया गया है । फिश वैल्यू एडीशन यूनिट्स, पारंपरिक मछुआरों के लिए डीप सी फिशिंग वेसल्स का अधिग्रहण, और मनोरंजक मत्स्यपालन (रेकरीएशनल फिशरीस) एवं घर के पीछे सजावटी मत्स्य पालन (बैकयार्ड ओर्नमेंटल फिश रियरिंग) को बढ़ावा देने के लिए भी सहायता प्रदान की गई है। समुद्र में सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए, VHF सेट, DAT, NAVIC रिसीवर और ट्रांसपोंडर सहित संचार और ट्रैकिंग उपकरणों के साथ-साथ सुरक्षा किट और पारंपरिक नावों और जाल की रीप्लेसमेंट के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। समुद्री शैवाल संवर्धन (सी वीड़ कल्चर) को वैकल्पिक आजीविका गतिविधि के रूप में भी बढ़ावा दिया गया है, जिसमें मोनो-लाइन, ट्यूब-नेट और राफ्ट-आधारित खेती के तरीकों को अपनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, संघ शासित प्रदेश की योजना के तहत, फिशिंग बोट्स के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिससे द्वीपों में फिशिंग इनफ्रास्ट्रक्चर और आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है। इसके अलावा, सर्वांगीण मात्स्यिकी विकास और मछुआरों की आय में वृद्धि के लिए सरकार के क्लस्टर-आधारित दृष्टिकोण के अनुरूप और लक्षद्वीप के समग्र आर्थिक विकास के लिए समुद्री शैवाल क्षेत्र की महत्वपूर्ण क्षमता को पहचानते हुए, भारत सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश में एक समर्पित सी वीड़ क्लस्टर अधिसूचित किया है।

****

**अनुबंध-I**

**लक्षद्वीप संघ शासित प्रदेश में मात्स्यिकी के संबंध में 10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं 1675 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण – गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान लक्षद्वीप में मत्स्य उत्पादन, वर्ष-वार और प्रजाति-वार।**

| | | कुल किलो में | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | प्रजातियां | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| | पेलाजिक मछलियाँ | | | |
| 1 | येलो फिन टूना - *थुन्नुस अल्बाकारेस* | 3213411 | 2968937 | 6659057 |
| 2 | स्किप जेक - *कैट्सुवोनस पेलामिस* | 6426825 | 5623091 | 8019846 |
| 3 | कावा कावा - *यूथिन्नस अफ़िनिस* | 838281 | 608600 | 1301748 |
| 4 | फ्रिगेट टूना - *ऑक्सिस थाज़र्ड* | 428293 | 399516 | 245175 |
| 5 | बिग आई - *थुन्नुस ओबेसस* | 409989 | 268903 | 95081 |
| 6 | डॉग टूथ्ड़ टूना - *जिम्नोसार्डा यूनिकलर* | 97800 | 105997 | 68681 |
| | कुल | 11414599 | 9975044 | 16389588 |
| 7 | सेल फिश - *इस्टियोफोरस प्लैटिपेरस* (ओला मीन) | 111771 | 139972 | 181757 |
| 8 | मार्लिन - *मकैरा* एसपी (कुथिरा मीन) | 1397 | 10335 | 29855 |
| 9 | स्वोर्ड फिश - *जियोहियास एसपी.* (कोम्बन चूरा) | 2794 | 23133 | 22299 |
| | कुल | 115962 | 173440 | 233911 |
| 10 | कैरेन्जिड्स – *ट्रेवेली* (कुलुवाल) | 261264 | 349662 | 283785 |
| 11 | बराकुडा – *स्फ़िराएना एसपी* (थिरथक्कडियन) | 27943 | 29669 | 73210 |
| 12 | डॉल्फ़िन फ़िश – *कोरिफ़ेना एसपी.* (अमानूस) | 125740 | 143767 | 83210 |
| 13 | रेनबो रनर – *एलागैटिस बिपिन्नुलाटा* (शमीन) | 139714 | 218920 | 157186 |
| 14 | फ़्लाइंग फ़िश – *एक्सोसेटस एसपी.* (परवा) | 14998 | 48928 | 69288 |
| 15 | गार फ़िश – *बेलोनिडी एसपी.* (करुथोन) | 279427 | 315679 | 230338 |
| 16 | हाफ़ बीक – *हेमिरैम्पस एसपी.* (कुडुक्का) | 140987 | 123646 | 94651 |
| 17 | वाहू – *अकैंथोसाइबियम एसपी.* (अयक्कुरा) | 129914 | 232575 | 209939 |
| 18 | विविध | 279427 | 320808 | 357939 |
| | कुल | 1399414 | 1783654 | 1559546 |
| | कुल पेलाजिक फिन फिश | 12929975 | 11932138 | 18183045 |
| | डेमर्सल मछलियाँ | 0 | 0 | 0 |
| 19 | *लुटजेनस गिबस* (शम्माली) | 150020 | 158333 | 171712 |
| 20 | *लुटजेनस बोहर* (फुलारियम) | 129135 | 140440 | 85674 |
| 21 | ग्रुपर - *एपिनेफेलस एस पी* (चेम्मम) | 136792 | 184877 | 112885 |
| 22 | लेथ्रिनिडे - *एम्परर एस पी* (मेट्टी) | 113920 | 235477 | 133937 |
| 23 | गेरिडे (फुराची) | 104145 | 43734 | 61563 |
| 24 | मुलिडे – गोट फिश (मनक्कम) | 99655 | 174045 | 137727 |
| | कुल | 733667 | 936906 | 703498 |
| 24 | शार्क (शूरव) | 41914 | 48174 | 56999 |
| 25 | रेस (थिरंडी/कोटर) | 55885 | 59667 | 37646 |
| | कुल | 97799 | 107841 | 94645 |
| 26 | ऑक्टोपस (अप्पल) | 69857 | 51923 | 31198 |
| 27 | विविध | 140060 | 184086 | 91533 |
| | कुल | 209917 | 236009 | 122731 |
| | कुल डिमर्सल मछलियाँ (5)+(6)+(7) | 1041383 | 1280756 | 920874 |
| | कुल योग (4) + (8) | 13971358 | 13212894 | 19103919 |
| | सर्वयोग (टन) | 13971.3 | 13213 | 19104 |

****